तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे

तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे,
आंहो में असर होगा घर बैठे बुला लेंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे॥

तुम कहते हो मोहन हमें माखन प्यारा है,
एक बार तो आ जाओ माखन ही खिला देंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

तुम कहते हो मोहन हमें मधुबन प्यारा है,
एक बार तो आ जाओ मधुबन ही बना देंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

तुम कहते हो मोहन हमें मुरली प्यारी है,
एक बार तो आ जाओ मुरली ही मंगा देंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

तुम कहते हो मोहन हमें राधा प्यारी है,
एक बार तो आ जाओ राधा से मिला देंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

तुम कहते हो मोहन हमें कहां बैठओगे,
इस दिल में तो आ जाओ पलकों पर बिठा लेंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

लगी आग जो सीने में तेरे प्रेम जुदाई की,
इस दिल की लगी को हम लगी दिल से बुझा देंगे,
तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25288/title/tum-roothe-raho-mohan-hum-tumko-mana-lenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |